दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, सोमवार 12 मई 2025
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

**भिलाई (आरएनएस)।** सुपेला थाना अंतर्गत चंद्रा मौर्या चौराहे पर शनिवार देर शाम सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। बाइक पर जा रहे युवक को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। काफी देर तक वह सड़क पर पड़ा रहा। जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया जाता उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सुपेला पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार चंद्रा मौर्या चौक पर शनिवार देर शाम हादसा हुआ। वार्ड क्रमांक 7 कृष्णा नगर निवासी कुर्बान अली अपने साथी के साथ जा रहा था। चंद्रा मौर्या चौराहे पर सामने से बस वाले ने ब्रेक मारा तो पीछे से कुर्बान अली ने ओवर टेक किया। इस दौरान पीछे से आ रही ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कुर्बान अली गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे पहले की उसे अस्पताल पहुंचाया जाता उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो अधेड़ की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** नेशनल हाइवे 30 स्थित ग्राम देवरी के पास बस की टक्कर से बाइक सवार दो अधेड़ की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोहंदा निवासी मृतक कमलेश मोहर 50 वर्ष अपने साथी रामप्रसाद धुरव 65 वर्ष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 डीक्यू 6076 से कहीं जा रहा था, तभी एनएच 30 स्थित ग्राम देवरी के पास बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0990 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों अधेड़ की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दलधोवा घाट में दो ट्रकों में भिड़ंत, ड्राइवर घायल

**बलरामपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में दलधोवा घाट में दो ट्रैकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे एक ट्रक ड्राइवर का पैर स्टेरिंग में फस गया काफी मशक्कत के बाद ट्रक ड्राइवर को निकाला जा सका नेशनल हाईवे में काफी देर जाम की स्थिति निर्मित हो गई मौके पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग की टीम के द्वारा यातायात व्यवस्था को सामान्य किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे के करीब राष्ट्रीय राज्य मार्ग में क्लिंकर लोड ट्रक रायपुर से औरंगाबाद जा रहा था वही खाली ट्रक रायपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान दलधोवा घाट में दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे क्लिंकर ट्रक चालक पैर का स्टेरिंग से पर फंस गया जिसे स्थानीय लोगों एवं मौके पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग की टीम के द्वारा काफी मुश्किल से बाहर निकाल गया वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 1 घंटे से अधिक जाम की स्थिति निर्मित रही हाईवे पेट्रोलिंग की टीम के द्वारा यातायात व्यवस्था को सामान्य किया गया। घायल ट्रक ड्राइवर का नाम योगेंद्र महतो उम्र 50 वर्ष मेंगल गढ़वा का रहने वाला बताया जा रहा है। जिसका इलाज बलरामपुर जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

### गांव में आया भालू, लोगों में दहशत

**कांकेर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले स्थित दशपुर गांव में बीती रात एक शादी वाले घर में भालू खाना खाने के लिए आ धमका. भालू को देखते ही वहां अफरा-तफरी मच गई. लोग डर से वहां से भागने लगे और घर के अंदर घुस गए. भालू ने घर के बाड़ी में रखा पूरा तेल पीकर चट कर दिया. इस दौरान लोगों ने घर की छत से उसका वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भालू के हमले का शिकार नहीं हुआ. लेकिन आय-दिन इलाके में भालुओं के आने और ग्रामीणों पर हमले से लोगों में डर का माहौल है.इन दिनों भालू का आतंक दशपुर के ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, भालू रोजाना शाम होते ही गांव की ओर आ जाता है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है. कुछ दिन पहले भी भालू ने गांव के 2 ग्रामीणों पर हमला किया था.वन विभाग को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों ने सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है.

# सुशासन तिहार में रायगढ़ के कमला नेहरू पार्क में आयोजित हुआ कार्यक्रम, शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

- हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव, सुशासन तिहार को बताया आमजन से जुड़ने की सराहनीय पहल
- लोकनर्तक दल की प्रस्तुति ने बांधा समां, प्रतिभागियों को दिए गए आकर्षक पुरस्कार




रायगढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत कमला नेहरू पार्क में शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान करने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रायपुर से विशेष रूप से पहुंचे आरजे नमीत की होस्टिंग में कमला नेहरू पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में विविध मनोरंजक और खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसमें शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी खेल प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल, पारंपरिक लोकनृत्य की प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साह से भागीदारी की और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने के साथ सुशासन तिहार के अपने अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम में रायगढ़ नगरीय क्षेत्र के प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने पर उनकी समस्या का त्वरित निराकरण किया गया। जिसके समाधान शिविर के माध्यम पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड जैसे विभिन्न प्रकार विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा समाधान शिविर के माध्यम से शासन गांव तक पहुंच लोगों की मांग और समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही हैं।

बाल पासिंग गेम में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागी खूब थिरके और शासन की योजनाओं की जानकारी साझा की। इसमें प्रतिभागी रही निरुपमा चौधरी ने कहा कि शासन की महतारी वंदन योजन के लाभ मिलने से महिलाएं सशक्त होने के साथ ही आत्मनिर्भर हुई है। योजना के माध्यम से महिलाएं अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही है। पूनम गौतम ने सुशासन तिहार की सराहना करते हुए कहा कि समाधान शिविर से ग्रामीणों को अच्छा लाभ मिला है। इससे अब उन्हें जिले तक आने की दिक्कत नहीं है, वे अब ग्राम में लगने वाले समाधान शिविर में अपना कार्य आसानी करवा पा रहे है। रेखा चेतवानी ने कहा कि शासन की समाधान शिविर बहुत अच्छी पहल है। इससे लोगों के मूलभूत काम हो रहे है। विकास बरेठ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या होती थी, लेकिन जल जीवन मिशन से वह दूर हो चुकी है। शासन ने लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचने का कार्य की है। चेतवानी ने पीएम अप्रेंटिस योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करते है साथ ही स्किल्स डेवलपमेंट होने से युवाओं को रोजगार में आसानी होगी। बसंत चौधरी ने पीएम आवास के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आवास सर्वे से आवास योजना का लाभ ले सकते है। सुनीता चौहान ने पीएम आवास के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। पम्मी नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों के साथ ही भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से योजना का संचालन कर रही, जो काफी अच्छी है। प्रमिला साहू ने कहा कि सुशासन तिहार में नगर निगम अंतर्गत विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनका कच्चा मकान था, जिसमें काफी दिक्कत होती थी लेकिन पीएम आवास योजना का लाभ मिलने से उन्हें पक्का आवास मिला है। कांटा हरदी निवासी नरेंद्र कुमार सिदार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि समाधान शिविर में आवेदन के पश्चात ऋण पुस्तिका मिली है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर शासन की जनकल्याणकारी पहल है। इससे ग्राम स्तर पर समाधान शिविर लगने से विभागीय योजनाओं के लाभ लेने दफ्तरों तक नहीं जाना पड़ रहा है।

इस दौरान किड्स डांस में नन्हे-मुन्हें बच्चों ने कार्यक्रम का आनंद लेने से नहीं चूके। रायगढ़ में सुशासन तिहार. रायगढ़ रॉक्स के नारे के साथ बच्चों ने स्टैच्यू गेम खेलते हुए स्टेज में खूब थिरके। इसके बाद बॉयज और गर्ल्स टीम के बीच रोचक मुकाबला हुआ। मौके पर प्रतिभागियों को गिफ्ट वाउचर और आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद स्थापित करने के साथ ही प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार को लेकर जनसामान्य के बीच प्रसारित करना था। https://youtu.be/QzZSnQBX2YM?si=y3ES44waQqidYMnf

## ग्राम बरपाली और भुकुर्री में पूंजीपथरा पुलिस ने लगाया चौपाल: थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को अपराध से सतर्क रहने की दी सलाह

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर 11 मई को पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम बरपाली में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जहां थाना प्रभारी ने स्थानीय समस्याओं और शिकायतों पर चर्चा करते हुए उन्हें वर्तमान में घटित हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को आगाह किया कि गांव में घूमने वाले संदिग्ध फेरीवालों, सोना-चांदी चमकाने वाले, कबाड़ खरीदने वाले, जड़ी-बूटी बेचने वालों जैसे अनजान लोगों पर विशेष नजर रखें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इसके साथ ही उन्होंने मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल पर बैंक विवरण, एटीएम पिन, ओटीपी जैसी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सख्त हिदायत दी। ग्रामीणों को बताया गया कि यदि गांव में कोई बाहरी व्यक्ति आकर बसता है तो उसकी सूचना पुलिस को देना अनिवार्य है। चौपाल में पुलिस सहायता के लिए थाना प्रभारी, बीट पुलिसकर्मी और डॉयल 112 नंबर की जानकारी भी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई। इस दौरान थाना पूंजीपथरा के उप निरीक्षक विजय एक्का और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## समर कैंप से बच्चों में निखरा आत्मविश्वास और प्रतिभा

- सेजेस चक्रधर नगर रायगढ़ में आयोजित हुआ समर कैंप

रायगढ़




स्वयं का, स्वयं के लिए, स्वयं को दिया जाने वाला वह अनमोल समय जो व्यक्तित्व को निखारने में महती भूमिका निभाता है वह समय है समर कैंप का यह कहना है दो बार राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका रश्मि वर्मा व्याख्याता (जीव विज्ञान) स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय चक्रधर नगर का। प्राचार्य राजेश डेनियल के प्रोत्साहन से रश्मि वर्मा द्वारा परीक्षाओं के बाद विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चों ने इस कैंप में कैलीग्राफी (हिंदी और अंग्रेजी) कबाड़ से जुगाड़ के द्वारा शो पीस, डांसिंग डॉल के सेट, गुड्डे गुड़िया, मुखौटे, फ्लावर पॉट, नारियल के खोल से शोपीस बनाना, पत्थरों से पेपर वेट, टीएल एम का निर्माण किया। प्रकृति में बढ़ते कचरे के ठोस कचरा प्रबंधन हेतु बच्चों में पर्यावरण प्रेमी बनने का नजरिया इस विधा के द्वारा विकसित करने का प्रयास किया गया, यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। इसके अतिरिक्त कैमिकल वाले कोल्ड ड्रिंक के हानिकारक प्रभाव से अवगत कराकर उन्हें पौष्टिक कोल्ड ड्रिंक बनाना सिखाया गया। फन विद ए आई, भाषण देना, कविता, कहानी और स्वयं स्लोगन लिखने की विधा को सीखने का प्रयास बच्चों ने किया।

इस समर कैंप में सेमिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें विषय 'यातायात के नियम और युवा' तथा 'नशा का युवाओं के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव' जैसे विषय रखे गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अभिव्यक्ति की भावना, आत्मविश्वास और स्टेज फोबिया को पर कैसे विजय पाएं यह सीखना था। बच्चों ने उत्तम अभिव्यक्ति के साथ-साथ विषय पर अपने वक्तव्य में संवेदनशीलता का भी परिचय दिया। इस समर कैंप की मुख्य विशेषता यह थी कि यह पूर्णतया निःशुल्क था। बच्चों को केवल उपस्थित होकर अपना समय देना था। प्राचार्य राजेश डेनियल के प्रोत्साहन और रश्मि वर्मा के सतत प्रयासों से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समर कैंप में बच्चों ने अपनी प्रतिभागिता उत्साह से दी। अभिभावकों ने भी इन प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा कर काफी सराहा।

## पोते ने दादी को लकड़ी के पीढ़ा से वारकर उतारा मौत के घाट

जशपुर | आरएनएस



22 साल के पोते ने 75 साल की दादी को लकड़ी के पीढ़ा से सिर में वार कर मौत के घाट उतार दिया। मामला जशपुर जिले के दोकड़ा चौकी क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कुनकुरी न्यायालय में पेश किया था जहां न्यायालय की आदेश पर आरोपी पोते को जशपुर जिला जेल दाखिल कर दिया गया है।

शुक्रवार 9 मई को प्रार्थी भगत राम पिता स्व. मकुन्द राम उम्र 45 वर्ष निवासी. चोंगरीबहार तितरमारा ,बैगाटोली , चौकी दोकड़ा, ने चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, इसकी मां मृतिका मोदी बाई को उसका भतीजा ,सोनसाय राम दिनांक 07/05/2025 को शाम को घर में धक्का दिया था ,जिससे उसकी मां मृतिका मोदी बाई दरवाजे के चौखाट से टकराकर, जमीन पर रखे लकड़ी के पीढ़ा पर गिरने से सिर में चोट आने के कारण दिनांक 08/05/2025 को सुबह 08/00 बजे मृत्यु हो गई है। रिपोर्ट पर मर्ग क्र0 39/2025 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया।

पुलिस के द्वारा संदेहास्पद मर्ग की अंदेशा पर दिनांक 09/05/2025 को जिला मुख्यालय से फोरेंसिक टीम की उपस्थिति में संयुक्त रूप से, घटना स्थल का निरीक्षण कर, शव का पंचनामा कार्यवाही की गई, प्रथम दृष्ट्या मामला हत्यात्मक प्रतीत होने पर पुलिस के द्वारा,मृतिका मोदी बाई उम्र 75 वर्ष के शव का डॉक्टर से पोस्टमार्टम कराया गया, डॉक्टर द्वारा पीएम रिपोर्ट में मृतिका को किसी भोथरे वस्तु से सिर पर प्रहार करने से एवं शरीर के अन्य हिस्सों में आई चोट से, मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक लेख करने पर, पुलिस ने मृतिका के पोते आरोपी सोनसाय राम पिता बुधनाम राम उम्र 22 वर्ष के विरुद्ध हत्या करने के लिए धारा 103 बीएनएस का कायम कर जांच जांच विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सोनसाय राम को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर , उसके द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करते हुए, बताया गया कि 06 माह पूर्व, एक 21 वर्ष की युवती को उसके द्वारा बिना विवाह किए , हुए घर में पत्नी बनाकर रखा था, जिस बात को लेकर उसकी दादी मृतिका मोदी बाई एवं आरोपी सोन साय के मध्य अकसर वाद विवाद होता था, दिनांक 07/05/2025 को मृतिका एवं उसके पोता आरोपी सोनसाय राम के मध्य उपरोक्त बात को लेकर के आपस में विवाद हुआ जिससे आरोपी सोन साय ने अपनी दादी मृतिका मोदी बाई को पहले घर में लगे चौखाट पर धक्का देकर तथा हत्या करने की नियत से घर में रखे लकड़ी के पीढा से मृतिका के सिर पर दो-तीन बार प्रहार कर चोट पहुंचाया ,चोट के कारण ईलाज न कराकर घर में ही रखने से दिनांक 08/05/2025 को सुबह मृतिका की उपरोक्त प्राणघातक चोट के कारण मृत्यु हो गई। पुलिस के द्वारा आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का पीढ़ा को जब्त कर लिया गया है। आरोपी सोनसाय के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने व पर्याप्त अपराध सबूत पाए, जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## बाल संप्रेक्षण गृह से छह अपचारी बालक फरार

अंबिकापुर | आरएनएस




अंबिकापुर के गंगापुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए छह अपचारी बालक फरार हो गए। बालकों ने सुरक्षा गार्ड की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंककर फरारी की योजना को अंजाम दिया, जिससे सभी चकमा देकर भागने में सफल हो गए। फरार बालकों में चार सूरजपुर, एक सरगुजा और एक जांजगीर-चांपा जिले से संबंधित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही गांधीनगर थाना को सूचित किया गया और पुलिस ने तत्काल तलाश अभियान शुरू कर दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों ने बताया कि सभी फरार बालकों की तलाश जारी है और विभिन्न संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। यह घटना पिछले तीन माह में दूसरी बार सामने आई है, जब बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चे फरार हुए हैं। इससे पहले भी तीन बालकों के फरार होने की घटना हो चुकी है। लगातार दोहराई जा रही इस तरह की घटनाएं संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यह स्थिति न केवल बालकों के पुनर्वास पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, बल्कि भविष्य में संभावित जोखिमों की ओर भी इशारा करती है, जिस पर प्रशासन को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

# किसी भी विपत्ति से निपटने मैग्नेटो मॉल और हाईटेक बस स्टैंड बने मॉक ड्रिल के केंद्र

- बिलासपुर में दूसरे दिन भी मॉक ड्रिल का आयोजन
- प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं से निपटने की तैयारियों का परीक्षण

बिलासपुर | आरएनएस

एसएसपी और कलेक्टर के निर्देशन में सुरक्षा एजेंसियों ने संभाली जिम्मेदारी। मैग्नेटो मॉल और हाईटेक बस स्टैंड बने मॉक ड्रिल के केंद्र। फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड, स्ट्रक्चर और पुलिस की साझा भागीदारी। अग्निकांड, विस्फोट और संदिग्ध गतिविधियों के परिदृश्य पर अभ्यास। भीड़ प्रबंधन और आम नागरिकों की भागीदारी पर ज़ोर। रेलवे स्टेशन व 36 मॉल के बाद अब इन स्थानों पर भी सुरक्षा इंतज़ामों की समीक्षा। आज दिनांक 11 मई 2025 को बिलासपुर शहर में आपदा प्रबंधन और आतंकी घटनाओं से निपटने हेतु दूसरे चरण की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। यह अभ्यास मैग्नेटो मॉल और हाईटेक बस स्टैंड में किया गया, जिसमें जिले की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर हिस्सा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) और कलेक्टर संजय अग्रवाल (भा.प्र.से.) स्वयं पूरे ऑपरेशन का पर्यवेक्षण करते रहे।

### मैग्नेटो मॉल में प्रमुख सुरक्षा अभ्यास

**आग लगने की घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया :** मॉल में एक आभासी अग्निकांड की स्थिति तैयार की गई, जिसमें फायर अलार्म बजते ही दमकल दल ने तत्परता से मोर्चा संभाला। आग बुझाने की प्रक्रिया के साथ-साथ मॉल में मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया गया।



**संदिग्ध वस्तु की पहचान और निष्क्रियता :** एक लावारिस बैग मिलने की स्थिति उत्पन्न की गई, जिसे डॉग स्क्वाड की सहायता से चिन्हित किया गया। तत्पश्चात बम निरोधक दस्ते द्वारा सुरक्षा मानकों के अनुसार निष्क्रियता की प्रक्रिया पूरी की गई।

**भीड़ प्रबंधन और सूचनात्मक प्रसार :** मॉल परिसर में मौजूद नागरिकों को सुरक्षित ढंग से निकाला गया और अफवाहों से बचाने हेतु माइक और डिजिटल संकेतों का प्रयोग किया गया। आमजन को उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

### हाईटेक बस स्टैंड पर अभ्यास की मुख्य बातें

**संदिग्ध व्यक्ति पर कार्रवाई :** बस स्टैंड में एक व्यक्ति के संदिग्ध व्यवहार की रिपोर्ट के बाद होम गार्ड्स और स्थानीय पुलिस ने उसे रोककर जांच-पड़ताल की। तलाशी और पहचान सुनिश्चित करने की पूरी प्रक्रिया को दर्शाया गया।

**विस्फोटक खोज एवं निष्क्रियता अभियान :** डॉग स्क्वाड द्वारा बसों, प्रतीक्षालय और बैगेज एरिया में व्यापक खोज अभियान चलाया गया। एक संदिग्ध पैकेट मिलने पर बम निरोधक टीम ने आवश्यक सावधानियों के साथ उसे हैंडल किया।

**आपदा के समय निकासी और समन्वय :** भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड में यह प्रदर्शित किया गया कि किसी आपात स्थिति में कैसे तेज़ और सुरक्षित निकासी कराई जा सकती है। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि संचार और दिशा-निर्देश प्रणाली सुचारू रूप से काम करे।

**वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी :** एसएसपी रजनेश सिंह एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मॉक ड्रिल की हर गतिविधि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और टीम के बीच बेहतर समन्वय की सराहना की।

इस मॉक ड्रिल की श्रृंखला का उद्देश्य समग्र सुरक्षा व्यवस्था को व्यवहारिक रूप से जांचना है, ताकि वास्तविक आपातकाल की स्थिति में प्रशासनिक एजेंसियाँ और आमजन एक साथ प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.डी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480